हिन्दी साहित्य

प्रथम प्रश्न पत्र–आधुनिक काव्य

Time Allowed : Three Hours **Maximum marks : 100**

प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों की सीमा में होना चाहिए। पृथक उत्तर–पुस्तिका (सप्लीमेंटरी कॉपी) नहीं मिलेगी।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये।

(क) देव, मेरे भाग्य में है क्या बदा,
मैं बचूंगी, या मिलूंगी धूल में।
या जलूंगी गिर अंगारे पर किसी,
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में।। 10

अथवा

"कौन हो तु बसंत के दूत, विरस पतझड में अति सुकुमार!
घन तिमिर में चपला की रेख, तपन में शीतल मंद बयार।
तखत की आशा–किरण समान, हृदय के कोमल कवि की कति–
कल्पना की लघु लहरी दिव्य, कर रही मानस–हलचल शांत!' 10

(ख) लक्ष अलक्षित चरण तुम्हारे, चिन्ह निरन्तर
छोड रहे हैं जग के विक्षत वक्षः स्थल पर!
शत शत फेनोच्छ्वासित, स्फीत फूत्कार भयंकर
घुमा रहे हैं घनाकार जगती का अम्बर! 10

अथवा

श्रेय वह नर बुद्धि का शिव रूप आविष्कार,
ढो सके जिससे प्रकृति सबके सुखों का भार।
मनुज के श्रम के अपव्यय की प्रथा रूक जाय,
सुख–समृद्धि–विधान में नर के प्रकृति झुक जाय। 10

(ग) कुछ भी अवध्य नहीं तुझे, सब आखेद है,
एक बस मेरे मन–विवर में दुबकी कलौंस को
दुबकी ही छोड कर क्या तू चला जाएगा?
ले, मैं खोल देता हूं कपाट सारे 10

अथवा

सिन्धु का उच्छ्वास घन है,
तडित, तम का विकल मन है,
भीति क्या नभ है व्यथा का
आंसुओं से सिक्त अंचल! 10

2. छायावादी तत्वों के परिप्रेक्ष्य में निराला की काव्यगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये। (शब्द सीमा : 500 शब्द)

अथवा

हरिऔध के काव्य शिल्प पर प्रकाश डालिये। (शब्द सीमा : 500 शब्द) 16

3. "मुक्तिबोध के काव्य में उनके व्यक्तित्व की छाप है।' इस कथन की समीक्षा

questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

कीजिये। (शब्द सीमा : 500 शब्द) 16

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में वर्णित उपेक्षिता नारी की पीड़ा की व्याख्या कीजिये।

4. धर्मवीर भारती के काव्य में नयी कविता के तत्वों की पहचान कीजिये। (शब्द सीमा : 500 शब्द) 16

अथवा

महादेवी वर्मा के गीतों में अन्तर्मुखी प्रवृति की प्रधानता है। इस कथन के आलोक में विचार स्पष्ट कीजिये। (शब्द सीमा : 500 शब्द) 16

5. भारतेन्दुयुगीन कविता की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये। 12

अथवा

प्रयोगवादी कविता की प्रवृतियों का मूल्यांकन कीजिये। 12

6. रस निष्पति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिये। 10

अथवा

रस के भेद बताते हुए श्रृंगार और वीर रस को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner